5 गाँव में बीडा की जमीनों का अधिग्रहण पूरा, अब नए सिरे से सर्वे शुरू

- 9 माह में खरीदी गई 4 हजार हेक्टेयर जमीन
- 9 फरवरी को कराया गया था पहला बैनामा
- अम्बाबाय, सारमऊ, गुढ़ा, परासई व ढिकौली में अधिकांश जमीन खरीदीं

प्रतिदिन 40 हेक्टेयर जमीन की हो रही खरीद



बीडा के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया मे तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी ने प्रतिदिन 40 हेक्टेयर जमीन के बैनामे कराने के निर्देश दिए हैं। इस लक्ष्य के साथ तहसील प्रशासन पूरी ताकत से बैनामे कराने मे जुट गया है।

8 हजार हेक्टेयर जमीन के लिए किया जा रहा सर्वे भी अन्तिम चरण में

सरकार ने पहले रक्सा के पास वाले 33 गाँवों में 14,285 हेक्टेयर जमीन खरीदने का निर्णय लिया था। बीडा के लिए पूरा प्रशासन मैदान मे उतर गया और जमीन खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी। पिछले दिनों शासन ने बीडा का दायरा बढ़ा दिया। शासन ने 8,369.151 हेक्टेयर जमीन और खरीदने के निर्देश दिए हैं। यह जमीन भी इन्हीं 33 गाँवों में ही खरीदी जानी है, और इसके लिए सर्वे का काम भी अन्तिम चरण मे पहुँच गया है।

यह है पूरा प्रोजेक्ट

- 33 गाँव मे बीडा का विस्तार होगा।
- इन गाँवों की कुल 22,654 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी।
- 25 हजार से अधिक काश्तकारों से जमीन ली जाएगी।

इन गाँवों में बढ़ाई गई जमीन

गाँव	नई प्रस्तावित जमीन	गाँव	नई प्रस्तावित जमीन
डोमागोर	276.261 हेक्टेयर	गागौनी	282.430 हेक्टेयर
पुनावलीकला	321.522 हेक्टेयर	बदनपुर	83.64 हेक्टेयर
गेंवरा	75.712 हेक्टेयर	बसाई	73.327 हेक्टेयर
सिमरा	573.684 हेक्टेयर	खैरा	96.286 हेक्टेयर
सारमऊ	180.199 हेक्टेयर	बैदोरा	305.387 हेक्टेयर
कलौथरा	233.321 हेक्टेयर	चमरौआ	829.548 हेक्टेयर
ढिकौली	633.097 हेक्टेयर	खजराहा बुजुर्ग	941.009 हेक्टेयर
कोटखेरा	89.405 हेक्टेयर	खजराहा खुर्द	409.831 हेक्टेयर
अम्बाबाय	40.612 हेक्टेयर	मुरारी	251.354 हेक्टेयर
डगरवाहा	232.372 हेक्टेयर	किल्चवारा बुजुर्ग	143.415 हेक्टेयर
बाजना	505.102 हेक्टेयर	मठ	56.061 हेक्टेयर
बमेर	6.558 हेक्टेयर	गुढ़ा	134.144 हेक्टेयर
राजापुर	361.43 हेक्टेयर	बरुआपुरा	137.144 हेक्टेयर
बछौनी	447.162 हेक्टेयर	रमपुरा	38.727 हेक्टेयर
परासई	78.464 हेक्टेयर	किल्चवाराखुर्द	155.773 हेक्टेयर
इमलिया	119.794 हेक्टेयर	डोंगरी	218.183 हेक्टेयर
अमरपुर	311.774 हेक्टेयर		

झाँसी : बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के लिए 9 महीने पहले शुरू हुई भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अब और तेज हो गई है। 33 मे से 5 गाँव में जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो गया है। हालाँकि 14 हजार हेक्टेयर में से अभी तक प्रशासन 4 हजार हेक्टेयर जमीन ही खरीद पाया है। अम्बाबाय, सारमऊ, गुढ़ा, परासई व ढिकौली मे इक्का-दुक्का किसान ही शेष रह गए हैं, शेष किसानों से जमीन खरीदी जा चुकी है।

रक्सा के पास वाले 33 गाँव में नया औद्योगिक शहर बसाने के लिए सरकार ने बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया है। बीडा ने पहले इन गाँवो की 14,285 हेक्टेयर जमीन अधिगृहीत करने का निर्णय लिया। 9 फरवरी को सारमऊ गाँव से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई और पहले ही दिन बृजलाल, पुष्पा, ज्योति अग्रवाल, अरुण कुमार एवं याकूब अहमद मंसूरी ने अपनी 40 एकड़ जमीन बीडा के पक्ष में लिख दी। इसमे 3 किसानो का संयुक्त बैनामा हुआ। इसके बाद अम्बाबाय मे जमीन खरीद प्रक्रिया शुरू हुई। बाद में अन्य गाँवो मे भी जमीन खरीदी जाने लगी। लगभग 9 महीने बाद 4 हजार हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। अम्बाबाय, सारमऊ, गुढ़ा, परासई व ढिकौली मे उन्हीं काश्तकारों की जमीन रह गई है, जो झाँसी से पलायन कर चुके हैं। उनसे सम्पर्क साधा जा रहा है।

इन्होंने कहा

"बीडा के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 4 हजार हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है। अम्बाबाय, सारमऊ, गुढ़ा, परासई व ढिकौली मे अधिकाश जमीन खरीदी जा चुकी है। यहाँ इक्का-दुक्का काश्तकारों की ही जमीन शेष रह गई है।"

● **मुकेश कुमार**, नायब तहसीलदार, सदर (झाँसी)